कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर

Email:- uitbikaner@yahoo.co.in Phone no. 0151-2226012

क्रमांक :– न.वि.न्यास / जोन / बीका. / 2021–22 / 7651 दिनांकः– 22/7/21

आम नोटिस

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि परशुराम सेवा समिति, बीकानेर सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियां एवं धार्मिक कार्य हेतु आवंटन नीति 2015 प्रावधान के अनुसार खसरा नंबर 153 हरोलाई हनुमान जी मंदिर के आस पास 1000 वर्गमीटर आरक्षित दर के 15 प्रतिशत पर आवंटन हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके कम में राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न उद्देश्यों (सामाजिक एवं शैक्षणिक तथा खेल–कुद गतिविधि एवं धार्मिक कार्य) के लिए भूमि आवंटन नीति 2015 के बिन्दु संख्या 04 के पैरा संख्या 4.2 के अनुसार भूमि आवंटन की कार्यवाही से पूर्व न्यास की वेबसाईट पर आमजन की टिप्पणी/आपति बाबत् 15 दिवस का प्रकाशन करवाया जाना आवश्यक है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उक्त आवटंन के संबंध में आमजन को किसी प्रकार की टिप्पणी/आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में मय साक्ष्य सबूत अपनी आपति इस विभाग के समक्ष आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि किसी प्रकार की कोई टिप्पणी/आपति स्वीकार व मान्य नही होगा तथा न्यास द्वारा प्रकरण में नियमानुसार आवंटन से सबंधित आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सचिव
नगर विकास न्यास
बीकानेर